# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बस्ती।

संख्या–164 / कोर्ट मैनेजर, दिनांकः बस्ती 10 अक्टूबर 2023

## –नीलामी नोटिस–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जजेज कालोनी सिविल लाइन एवं कम्पनी बाग बस्ती में पुरानी चहारदीवारी के प्रयुक्त पुराने ईटों एवं उनके टुकडों की सार्वजक नीलामी दिनांक 27.10.2023 को अपरान्ह 1:.30 बजे अधोहस्ताक्षरी की देख–रेख में सम्पन्न की जायेगी।

उपरोक्त ईंटों की नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/ठेकेदारों को निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा–

**1.** नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/ठेकेदार दिनांक 12.10.2023 से दिनांक 26.10.2023 तक मूल्य 200 रूपये नजारत कार्यालय में जमा करके नीलामी फार्म प्राप्त कर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 26.10.2023 सायं 4 बजे तक सील बन्द निविदा नजारत कार्यालय में जमा कर सकते है।

**2.** नीलामी फार्म जमा करने वाले व्यक्ति /ठेकेदार ही नीलामी में भाग ले सकते है।

**3.** सील बन्द निविदा के साथ मूल्य 1000.00 रूपये नकद नजारत कार्यालय में जमानत धनराशि के रूप में जमा करना होगा।

**4.** उच्चतम प्राप्त निविदा, व्यक्ति/ठेकेदार को सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त नकद जमा करना होगा। कम प्राप्त निविदा, व्यक्ति/ठेकेदार व्यक्ति की जमानत धनराशि तुरन्त वापस कर दी जाएगी।

**5.** किसी भी व्यक्ति/ठेकेदार द्वारा प्राप्त निविदा को स्वीकार करना अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बस्ती, को होगा।

**6.** किसी भी व्यक्ति/ठेकेदार द्वारा प्राप्त निविदा को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार किया जा सकता है तथा बोली अस्वीकार होने की दशा में सम्पूर्ण धनराशि वापस कर दी जाएगी।

**7.** निविदा स्वीकार होने की दशा में सम्बन्धित व्यक्ति/ठेकेदार को 15 दिन के अन्दर नीलामी में लिए गए उक्त सामग्री अपने व्यय पर ले जाना अनिवार्य होगा।

**8.** नीलामी की कार्यवाही कराने अथवा स्थगित करने अथवा तिथि बदलने का सम्पूर्ण अधिकार समिति को होगा।

इस नोटिस की प्रतियां विस्तृत प्रचार प्रसार हेतु जनपद न्यायालय, बस्ती के समस्त नोटिस बोर्डो, जिला अधिकारी बस्ती, पुलिस अधीक्षक बस्ती, विकास भवन बस्ती, रेलवे स्टेशन बस्ती, रोडवेज, जिला सेवा योजन कार्यालय, बस्ती आदि समस्त कार्यालयों के नोटिस बोर्डो, जिला न्यायालय की वेबसाइट एवं सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करायी जाए। इस नोटिस/सूचना का प्रकाशन किसी स्थानीय समाचार पत्र में कराया जाय।

10/10/23
(विजय कुमार कटियार)
ए.डी.जे.एफ.टी.सी.–प्रथम/सदस्य
ध्वस्तीकरण एवं नीलमी समिति,
जनपद न्यायालय बस्ती।

10/10/2023
(शिव चन्द)
प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष
ध्वस्तीकरण एवं नीलमी समिति,
जनपद न्यायालय बस्ती।

Siddharth 10.10.23
(सिद्धार्थ बरगोती)
जे.एम.द्वितीय/सदस्य
ध्वस्तीकरण एवं नीलमी समिति,
जनपद न्यायालय बस्ती।

10/10/23
(उमेश यादव)
ए.सी.जे.एम.–प्रथम/सदस्य
ध्वस्तीकरण एवं नीलमी समिति,
जनपद न्यायालय बस्ती।